## महत्वपूर्ण एवं खास

### घायल मजदूर का अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सीयाराम इंटरप्राइजेस में काम करने के दौरान एक मजदूर घायल हो गया था, जिसका अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कंपनी संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राहुल याद व 20 वर्ष चंगोराभाठा का रहने वाला था। बताया जाता है कि राहुल यादव सीयाराम इंटरप्राइजेस में काम कर रहा था, तभी मशीन के ब्लेड में फंस जाने से घायल हो गया था। उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक आरोपी सरस्वती प्रसाद मिश्रा 46 वर्ष व नरेंद्र सोनकर 59 वर्ष के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### वाटर फिल्टर का नकली सामान बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** केंट कंपनी का आरो वाटर फिल्टर नकली सामान बेचते देवेन्द्र नगर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कौशिक मंडल 23 वर्ष कोलकाता का रहने वाला है। प्रार्थी ने देवेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि क्वालिटी सेल्स एंड सर्विस शॉप साधना टिम्बर के संचालक केंट कंपनी का आरो वाटर फिल्टर का नकली सामान बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी राजेश राठौर 30 वर्ष और घनश्याम पटेल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 63 कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए क्लर्क, खाते से 1.80 लाख रुपए पार

**राजिम (आरएनएस)।** गरियाबंद में ऑनलाइन ठगी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब एक क्लर्क ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए हैं. मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है, जहां अकलवारा हाईस्कूल के क्लर्क मदन लाल कन्नौजे के पास अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और खुद को बैंक का अधिकारी बताकर उनसे ओटीपी पूछकर उनके खाते से 1 लाख 80 हजार रुपए निकाल लिए. अज्ञात व्यक्ति ने अपने आपको बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड का बैंलेस राशि क्लोज करने के नाम पर हज्जक्क मांगा और 15 मिनट के अंदर क्लर्क के खाते से 1 लाख 80 हजार रुपए उड़ा लिए. इस मामले में फिंगेश्वर पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है. बता दें कि कुछ दिन पहले गरियाबंद में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ भी ऑनलाइन ठगी हुआ था. ठगों ने तो फर्जी रिश्तेदार बनकर इमोश्नल अत्याचार कर 70 हजार रुपय ठग लिए थे.

### स्कूल बस की चपेट में आकर मासूम छात्रा की मौत

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के भखारा थानाक्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर सिलौटी में पढने वाली एक 4 साल की बच्ची की अपने ही स्कूल बस की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा बस चालक द्वारा बस को रिवर्स करने के दौरान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रागोंदी थाना भखारा निवासी योगेश साहू की बेटी ख्याति साहू 4 वर्ष सिलौटी के सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ती थी। रोज की तरह वह शनिवार सुबह 7.10 बजे स्कूल बस क्रमांक सीजी 07 ई 1418 में सवार होकर वह सिलौटी पहुंची थी। कक्षा में पहुंचने के बाद देखा की चप्पल बस में भूल गई है जिसे लेने के लिए वह बस की ओर जाने लगी। तभी बसचालक बस रिवर्स कर रहा था, उसी दौरान बच्ची पिछले चक्के के चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्राचार्य ने तत्काल परिजनों को सूचना दी तथा घायल ख्याति को धमतरी मसीही अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास मोटर सायकल चालक से 9 लाख रुपए की लूट करने वाले नट गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से सवा लाख रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त
- कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को लूट के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा जेल
- गिरोह के 6 सदस्यों ने पूरी प्लानिंग के साथ दिया था घटना को अंजाम
- फरार 3 आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस टीम

**रायगढ़।** 27 सितंबर के सुबह बैंक से रूपये निकालने वाले युवक का पीछा कर केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास अज्ञात आरोपियों द्वारा युवक के मोटरसाइकिल डिक्की में रखें नगद 9 लाख रुपए लूटकर भाग जाने के मामले में कोतवाली पुलिस के हाथ सफलता लगी है। कोतवाली पुलिस ने लूटपाट कार्य करने वाले नट गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से लूट की रकम सवा लाख रुपए नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है।

जानकारी के मुताबिक 27 सितंबर के दोपहर कोतवाली पुलिस को स्थानीय व्यक्तियों से सूचना मिली कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास एक युवक के मोटरसाइकिल से रूपयों की उठाईगिरी हुई। सूचना मिलते ही तत्काल एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के साथ थाना कोतवाली एवं साइबर सेल के स्टाफ मौके पर पहुंचे।

घटना के संबंध में जय मां नाथल दाई क्रेशर उद्योग टिमरलगा चंद्रपुर के सुपरवाइजर पीड़ित मनोज कुमार डनसेना ने बताया कि उसके क्रेशर मालिक मनीष अग्रवाल द्वारा दिये गये 9 लाख रूपये के सेल्फ चेक को कैश कराने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा आया था। बैंक से चेक का आहरण कर रूपयों को अपने मोटरसाइकिल के डिक्की पर रख कर केवड़ाबाड़ी चौक की ओर जा रहा था, तभी चौक पर ट्रैफिक जाम के बीच अज्ञात व्यक्तियो द्वारा डिक्की से रूपये निकाल लिये। पीड़ित द्वारा घटना के संबंध में दिये गये लिखित आवेदन पर लूट का अपराध परिलक्षित होने से सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा एसएसपी सदानंद कुमार से सम्पूर्ण जानकारी लेकर पुलिस टीमें बनाकर शीघ्र माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। एसएसपी सदानंद कुमार ने एडिशनल एसपी संजय महादेवा के सुपरविजन में सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी अभिनव उपाध्याय को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया जिसमें संदेहियों/आरोपियों के प्राप्त फुटेज को स्थानीय मुखबिरों एवं दिगर जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ शेयर कर जानकारी जुटाया गया। आरोपियों के तरीका-ए-वारदात, फुटेज तथा हुलिये से संदेहियों के थाना कापू व पत्थलगांव थाना क्षेत्र के नट गिरोह के आरोपियों से मिलन होने पर तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना कोतवाली के साथ साइबर सेल, थाना धरमजयगढ़, लैलूंगा स्टाफ की अलग-अलग टीमें बनाकर संदेहियों की धर पकड़ के लिए लगाया गया। टीमें सभी वांछित संदेही सकुनत एवं मिलने के स्थान पर दबिश दी, सभी फरार थे। पुलिस टीम संदेहियों पर निगाह रखे हुए थी कि 05 अक्टूबर को कापू बस स्टैंड के पास संदेही मिथुन सिंह नट और बाबू सिंह नट को पुलिस मुखबिर सूचना पर हिरासत में ली जिन्हें घटना दिनांक के फुटेज दिखाकर हिकमत अमली से पूछताछ किया गया। दोनों अपराध स्वीकार कर अपने साथी सोनू नट निवासी झक्कड़पुर थाना पत्थलगांव व अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में चोरी, लूट की घटनाओं को अंजाम देना बताए। पुलिस की दबिश में आरोपी सोनू नट को भी हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वे सभी (06 आरोपी) एक राय होकर 27 सितंबर के दोपहर रायगढ़ केवड़ा बड़ी बस स्टैंड के पास सरदार चप्पल दुकान के पास में एक व्यक्ति (पीड़ित मनोज कुमार डनसेना ) के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट कर उसके मोटरसाइकिल के डिक्की में रखे रुपए (9 लाख) को लूटकर भाग जाना बताया और लूट की रकम से रु.1,00,000 को सोनू नट, रु.25,000 को बाबू नट तथा शेष रकम को उनके साथियों के पास होना बताये। आरोपी मिथुन सिंह नट के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यूनिकार्न सीजी 15 डीवाई 6361, आरोपी सोनू नट से लोग रु.100000 और आरोपी बाबू सिंह नट से रु.25000 बरामद कर जब्त किया गया है। प्रकरण के तीनों आरोपियों को आज न्यायिक डिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के फरार 03 साथियों की पुलिस टीमें पता तलाश कर रही है।

## जोबी कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिए और पहले से तैयारी के फलस्वरुप वे सफल रहे।

प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त परीक्षा का आयोजन संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करने वाली जिला इकाई के समन्वयक पंचराम निषाद और उनके सहयोगीगणों में शामिल घसियाराम साहू एवं भोलेश्वर राठिया के सहयोग से पूर्व निर्धारित तिथि क्रम में शनिवार 07 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई। इस परीक्षा में भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए। जिसमें विद्यार्थियों ने उनके उत्तरों में अपने ज्ञान की गहराई से आस्था प्रकट की। यह परीक्षा उनके पाठ्यक्रम से अलग थी, किंतु इससे हम देखते हैं कि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति के प्रति कितनी रुचि रखती है और इसे समझने और महत्वपूर्ण बनाने के लिए कितनी अभ्यासरत है। प्रतियोगिता की कमान संभाल रहे वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक वासुदेव पटेल ने बताया की संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए विद्यार्थियों ने पहले से तैयारी की थी। जिसमें अधिक से अधिक विद्यार्थी भाग लिए। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्टाफ से सहायक प्राध्यापक योगेंद्र कुमार राठिया के नेतृत्व में अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, राम नारायण जांगडे, रितेश राठौर एवं रेवती राठिया ने विशेष रुचि लेते हुए सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

## एक्सिस बैंक डकैती सुलझाने वाली टीम के सदस्यों को एसएसपी सदानंद कुमार ने किया सम्मानित

**रायगढ़।** दिनांक 06/10/2023 के शाम पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा एक्सिस बैंक रायगढ़ की डकैती को सुलझाने वाली पूरी टीम के सदस्यों को "प्रशंसा पत्र" देकर सम्मानित किया गया और उन्हें पुलिस की छवि समाज में अच्छी बनाए रखने में अपना विशेष योगदान देने प्रेरित किया गया। उन्हें डकैती के मामले में अधिकारियों की लीडरशीप, उनका मार्गदर्शन एवं टीमवर्क से किये गये कार्य पर रायगढ़ पुलिस को अभूतपूर्व सफलता मिलना बताये।

जिले के ढिमरापुर स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य शाखा में दिनांक 19/09/2023 को हथियारबंध डकैतों की गई डकैती को रायगढ़ पुलिस की टीम ने 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुये पांच डकैतों को पूरी मशरूका 5 करोड़ 62 लाख के कैश व जेवरातों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस की सफलता पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक समेत वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से शुभकामनाएं बधाई प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में जिला पुलिस के मुखिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा डकैती की घटना सुलझाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपना विशेष योगदान देने वाले प्रत्येक अधिकारी व जवान को "प्रशंसा पत्र" देकर उनका पीठ थपथपाएं और आगे भी ऐसे मामलों में टीमवर्क के साथ कार्य करने प्रेरित किया गया।

## नवीन पदस्थापना के लिए जिले से कार्य मुक्त हुए खरसिया एसडीओपी निमिषा पांडे और ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी को जिला पुलिस ने दी विदाई

**रायगढ़।** चुनावी तैयारी एवं लंबित अपराध, शिकायतों व कार्यवाही समीक्षा को लेकर कल दिनांक 06.10.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी की बैठक लिया गया जिसमें उन्होंने आने वाले कुछ दिनों में राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू किए जाने की जानकारी देते हुए चुनावी मोड में आ जाने और सौंपे गये कार्य को पूरी ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ निष्पादन करने कहा गया। उन्होंने लंबित अपराधों, शिकायतों, समंस-वारंट की समीक्षा कर एक सप्ताह का समय देते हुए और बेहतर परिणाम प्रस्तुत करने कहा गया तथा बगैर अनुमति डीजे चलाने वालों एवं मॉडिफाई साइलेंसर के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही का निर्देश दिये हैं।

गत दिनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा जिले से स्थानांतरित हुये एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुशांतो बनर्जी का कार्य मुक्त आदेश जारी किया गया है, जिन्हें पुलिस कंट्रोल रूम क्राइम मीटिंग में औपचारिक विदाई दी गई। निमिषा पांडे सितंबर 2021 से एसडीओपी खरसिया के पद पर कार्यरत रही, वहीं डीएसपी सुशांतो बनर्जी फरवरी 2023 से ट्रैफिक डीएसपी का कार्यभार संभाले हुए थे। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने निमिषा पांडे और सुशांतो बनर्जी के साथ ड्यूटी के यादगार पलों को साझा कर दोनों अधिकारियों से कई अनसुलझे मामलों में मिले मार्गदर्शन तथा लाइन आर्डर ड्यूटी में उनके नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने दोनों अधिकारियों को जिम्मेदार अधिकारी बताते हुये, उनके कार्यों, नेतृत्व क्षमता की सराहना किये और उन्हें मोमेंटो देकर नई पदस्थापना के लिये शुभकामनाएं दिया गया। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी उन्हें पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। वहीं आज दिनांक 07.10.2023 को उप पुलिस अधीक्षक प्रभात पटेल जिले में आमद आकर एसडीओपी खरसिया का चार्ज लिया गया है।

## जल्द शुरु हो सकती है बिलासपुर-दिल्ली फ्लाइट, चकरभाठा एयरपोर्ट में हुआ ट्रायल

**बिलासपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पत्र लिखने के बाद बिलासपुर एयरपोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली की फ्लाइट के लिए ट्रायल किया गया. एलाइंस एयर ने इसकी सुविधा दी. संभवत: विंटर सीजन में बिलासपुर से दिल्ली तक के लिए नई फ्लाइट मिल सकती है. एलाइंस एयर की फ्लाइट प्रयागराज से आकर सीधे दिल्ली जाएगी. जो कि शनिवार और रविवार को उड़ेगी.

बता दें कि बीते मंगलवार को सीएम भूपेश बघेल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा था. पत्र में सीएम भूपेश ने बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा आरंभ करने और रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद एयर रूट पर विमान सेवा के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था.

पत्र में उन्होंने बंद किये गये बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा फिर से शुरू किये जाने का अनुरोध भी किया था. मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा था कि जगदलपुर विमान सेवा के चलते बस्तर को देश के पर्यटन नक्शे में आने का मौका मिला है और बस्तर की संस्कृति राष्ट्रीय पटल पर उभरी है. बिलासपुर से भी नागरिक सुविधाओं को देखते हुए प्रमुख शहरों से विमान सेवाएं आरंभ किये जाने की जरूरत है.

इसके पहले भी सीएम ने बिलासपुर से प्रमुख शहरों के लिए विमान सेवा के संबंध में केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा था. जिसमें उन्होंने लिखा था कि राज्य सरकार के अथक प्रयासों से बिलासपुर को देश के एयर लिंक से जोड़ा गया. जबलपुर, नई दिल्ली, प्रयागराज, इन्दौर के लिए हवाई सेवाएं प्रारम्भ की गई थी. बिलासपुर आने और जाने वाले सभी विमानों में यात्रियों की संख्या उत्साहवर्धक थी, लेकिन अज्ञात कारणों से विमान सेवा बंद कर दी गई.

# जिले के सात विकास खण्ड में 60 मास्टर ट्रेनर दे रहे निर्वाचन ट्रेनिंग : ईवीएम, वीवीपैट संचालन की बारीकियों से करवाया जा रहा अवगत

- मास्टर ट्रेनर दे रहे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों को ट्रेनिंग
- निर्वाचन प्रशिक्षण को देखने स्वयं पहुंचे थे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारियों को पर्याप्त समय देने के दिए निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न विकास खण्ड में मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से निर्वाचन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। गत दिवस आयोजित मास्टर ट्रेनर्स के ट्रेनिंग में कलेक्टर सिन्हा ने कहा था कि अच्छे प्रशिक्षण से निर्वाचन का कार्य बेहतर होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षित करने हेतु मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दिया गया था। जिसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स को विकासखंडो में निर्वाचन में संलग्न पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा गया हैं। जहां इन अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही मशीनों में टैग लगाने, संचालन करने, चालू-बंद करने, मॉक पोल, वास्तविक मतदान कराने आदि सभी पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं।

प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं। मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ईव्हीएम मशीन के संचालन प्रक्रिया का डेमो के जरिए संचालित करके दिखाने तथा अधिकारियों को इसे संचालन की प्रैक्टिस करवाया जा रहा हैं। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को उनके जिम्मेदारियों के निर्वहन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं।

**कलेक्टर स्वयं पहुंचे प्रशिक्षण देखने, प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारियों को पर्याप्त समय देने के दिए निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा ने प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण बेहतर हो। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को विभिन्न विकासखंडों में दिए जा रहे प्रशिक्षण स्थल में पर्याप्त समय देने को कहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर सिन्हा स्थानीय नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 के ट्रेनिंग कक्ष में पहुंचकर संलग्न अधिकारी एवं मतदान दल के दायित्वों एवं निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए प्रश्न पूछें थे, उन्होंने निर्वाचन कार्य को बेहतर करने के लिए अच्छे से ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा था कि जितनी अच्छी ट्रेनिंग लेंगे तो उतना ही बेहतर और आसान होगा आगामी निर्वाचन कार्य। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका होने होने पर तत्काल पूछ कर शंकाओं का समाधान करें जिससे मतदान प्रक्रिया के समय समस्या नहीं होगी।

**जिले के सात विकास खण्ड में 60 मास्टर ट्रेनर दे रहे ट्रेनिंग**

जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने बताया कि जिले के सात विकास खंड अंतर्गत रायगढ़, पुसौर, लैलूंगा, तमनार, खरसिया, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ में 7 ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए है, जहां 4 से 5 कक्ष में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां 60 मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को निर्वाचन से संबंधित बारीकियों के साथ ट्रेनिंग दे रहे हैं। वही निर्वाचन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी कर रहे हैं। जिससे उन्हें सुव्यवस्थित मतदान कराने में आसानी हो। इसी क्रम में विकास खण्ड खरसिया के शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में मतदान दलों का प्रशिक्षण 6 से 8 अक्टूबर तक दो पाली में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभागों के 931 अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें 199 महिला कर्मचारी शामिल है। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा खरसिया रोहित कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय खरसिया में चल रहें निर्वाचन प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480